

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 31 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 88 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

लग चुकी है तलब जीत की अब
खुद को आग में झोंक देंगे, ठो.
करें कहती है मारा जाएगा,
हौसले कहते हैं देख लेंगे..!!

# बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज का भव्य समापन, इंद्रजीत महिंद्रकर बने चौंपियन

## इंद्रजीत महिंद्रकर बने विजेता, ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव को उपविजेता का खिताब


### विद्यालयों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगा शतरंज- सुनील कुमार, शिक्षा मंत्री ओलिंपिक में बिहार की सहभागिता ज्यादा से ज्यादा हो- श्रेयसी सिंह खेल मंत्री

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा/रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हो गया। रोमांचक मुकाबलों से भरी इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के इंद्रजीत महिंद्रकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के अंतिम चक्र में शीर्ष बोर्ड पर रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव ने शुरुआती चूक के कारण मात्र 13 चालों में मुकाबला ड्रॉ कर लिया। वहीं दूसरे बोर्ड पर इंद्रजीत महिंद्रकर ने पश्चिम बंगाल के परमब्रत सरकार को पराजित कर शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा के पृथ्वी शर्मा ने नेपाल के चौंपियन रुपेश जायसवाल को हराकर प्रतियोगिता को और रोमांचक बना दिया। अंत में तीनों खिलाड़ी—इंद्रजीत महिंद्रकर, पीटर क्रियाकोव और पृथ्वी शर्मा- आठ—आठ अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। टाई—ब्रेक के आधार पर इंद्रजीत महिंद्रकर को विजेता, पीटर क्रियाकोव को उप. विजेता तथा पृथ्वी शर्मा को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि शतरंज बौद्धिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है और इसे विद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की दिशा में पहल की जाएगी। वहीं खेल मंत्री ने 2036 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए बिहार से अधिकाधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रतियोगिता में शीर्ष 10 खिलाड़ियों में के.के. चटर्जी, अलेख्या मुखोपाध्याय, सुन्दरम कुमार, अंकित दास, किशन कुमार, विवेक शर्मा एवं समीर चौधरी शामिल रहे, जिन्हें आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।




विशेष श्रेणियों में पी.के. सिंह (सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी), मरियम फातिमा (सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी), शिवमोहन द्विवेदी (1800 रेटिंग वर्ग), राइमा भट्टाचार्जी (1600 रेटिंग वर्ग) एवं अभिषेक राज (सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ी) को सम्मानित किया गया। वहीं कुमार गौरव को सर्वश्रेष्ठ बिहार खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। आयु वर्ग प्रतियोगिताओं में भी बिहार सहित विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर—15, अंडर—13, अंडर—11, अंडर—09 एवं अंडर—07 वर्गों में विजेताओं को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। बालिका वर्ग में भी विभिन्न आयु वर्गों की खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण, अखिल बिहार शतरंज संघ के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना, सचिव धर्मेंद्र कुमार, निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी, उपनिदेशक हिमांशु सिंह, सिक्किम शतरंज संघ के सचिव महेंद्र ढकाल सहित कई



# राष्ट्रपति के कारकेड का सफल ट्रायल, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को लेकर सोमवार को उनके कारकेड का सफल ट्रायल किया गया। सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं प्रोटोकॉल की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से इस रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें सभी निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया गया। कारकेड का ट्रायल नालंदा विश्वविद्यालय हेलीपैड से शुरू हुआ। यहां से काफिला दीक्षांत समारोह के मुख्य स्थल 'विश्वमित्रालय' सभागार पहुंचा, जहां व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इसके बाद कारकेड प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष के लिए रवाना हुआ। पूरे मार्ग में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था का भी व्यापक परीक्षण किया गया। कारकेड में सभी निर्धारित वाहन शामिल रहे, जिनमें प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन, पुलिस बल, मेडिकल टीम एवं एम्ब. ुलेंस भी मौजूद थीं।ट्रायल के दौरान जिला. धिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, डीएसपी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा—निर्देश भी दिए। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष से कारकेड पुनः नालंदा विश्वविद्यालय हेलीपैड लौटा, जहां ट्रायल का समापन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति राजगीर से गया जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगी। इस ट्रायल के माध्यम से सुरक्षा, यातायात और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

# ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण




**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी—सह—जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सोमवार को मघड़ा स्थित ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी अवधेश कुमार भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया। बताया गया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा सीसीटीवी कैमरों एवं तैनात पुलिस बलों के माध्यम से सुनिश्चित की गई है। जांच के क्रम में सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह क्रियाशील पाए गए तथा सभी प्रतिनियुक्त सुरक्षा कर्मी अपने—अपने ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात मिले। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# महामहिम राष्ट्रपति की उपस्थिति में नालंदा विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह आज, तैयारी पूरी, छात्रों ने कहा उनके लिए यह गौरव का क्षण

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोट राजगीर(नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय अपने दूसरे दीक्षांत समारोह के लिए पूरी तरह तैयार है। आज विश्वविद्यालय परिसर में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में यह समारोह आयोजित होगी। इसमें 31 देशों के 617 विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इस ऐतिहासिक क्षण का केन्द्र बिन्दु विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं, जिनकी उपलब्धियां ज्ञान, नवाचार और वैश्विक दृष्टि के संगम को दर्शाती हैं। सत्र 2022—24 के एमबीए (सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट) के छात्र सौरभ कुमार सिन्हा जो मौजूदा समय में ओएनजीसी में जियोसाइंटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं ने कहा कि मैं भारत के पहले जियोथर्मल वेल ड्रिलिंग प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा हूं। नालंदा में प्राप्त शिक्षा ने मेरे प्रोफेशनल कैरियर को नई दिशा दी है। सत्र 2020—22 के स्कूल ऑफ इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंट स्टडीज की छात्रा सुश्री स्निग्धा जो मौजूदा समय में जापान में एनवायर्नमेंटल टॉक्सिकोलॉजी में पीएचडी कर रही हैं ने अपने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और विशेष अवसर है। नालंदा लौटकर इस उपलब्धि का हिस्सा बनना भावुक और प्रेरणादायक अनुभव है। सत्र 2020—22 के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की कश्मीर से आने वाली छात्रा सुश्री सीरत जो मौजूदा समय में ओएनजीसी इंडिया के साथ कार्यरत हैं ने कहा नालंदा का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व का विषय है। दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होना मेरे जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों में से एक है।







दीक्षांत समारोह के अवसर पर नव—निर्मित 'विश्वमित्रालय' सभागार का उद्घाटन भी किया जाएगा, जो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बिहार संग्रहालय के सहयोग से बौद्ध विरासत पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की जाएगी जो नालंदा की ऐतिहासिक और वैश्विक धरोहर को सजीव रूप में प्रदर्शित करेगी। नालंदा विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 2026 शिक्षा, संस्कृति और वैश्विक संवाद के संगम का एक भव्य प्रतीक बनने जा रहा है। यहां परंपरा और आधुनिकता का अद्वितीय समन्वय देखने को मिलेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। महामहिम के आगमन को लेकर पूरे परिसर के कर्मियों से लेकर छात्रों में गजब का उत्साह है।


अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120



# राष्ट्रपति के राजगीर दौरे को लेकर हाई अलर्ट, डीएम-एसपी ने अधिकारियों को किया ब्रीफ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)** । भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 31 मार्च को प्रस्तावित राजगीर दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सोमवार को नालंदा विश्वविद्यालय सभागार में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विस्तृत ब्रीफिंग दी गई। बैठक में राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, विधि–व्यवस्था एवं यातायात को सुचारु बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि सभी व्यवस्थाएं तय समय सीमा के भीतर दुरुस्त कर ली जाएं। प्रशासन द्वारा जारी ट्रैफिक प्लान के तहत राजगीर, नालंदा एवं सिलाव की ओर सभी प्रकार के व्यावसायिक एवं सवारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बिहारशरीफ के कारगिल चौक से राजगीर जाने वाले मार्ग, खुदागंज, वनगंगा एवं गिरियक से आने–जाने वाले रास्तों पर भी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। सभी लिंक रोड पर भी नो एंट्री लागू रहेगी। यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। बिहारशरीफ से नवादा एवं गया जाने वाले वाहन बख्तियारपुर–रजौली एनएच से होकर गुजरेंगे। गया से आने वाले वाहन सरबहदा मोड़ व खुदागंज सीमा से इस्लामपुर मार्ग का उपयोग करेंगे। वहीं, गिरियक एवं अन्य क्षेत्रों से आने वाले वाहनों को भी निर्धारित वैक. ल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा।




सुरक्षा के मद्देनजर पिल्खी बायपास, नाहुब मोड़, पंडितपुर मोड़, राजगीर आरओबी, भुई मोड़ (सिलाव), नालंदा खंडहर, हरियाली मोड़, छबिलापुर बस स्टैंड, विरायतन मोड़, आयुध फैक्ट्री गेट, गिरियक मोड़, कारगिल चौक (बिहारशरीफ) एवं वनगंगा सहित कई स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं।





# 97 करोड़ की बजट से बदलेगी सिलाव नगर पंचायत की सूरत, विकास की रूपरेखा तैयार

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नगर पंचायत सिलाव को स्मार्ट और सभी सुविधा से लैश बनाने के लिए मुख्य पार्षद जयलक्ष्मी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक में अहम फैसला लिया गया। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 97 करोड़ 34 लाख 03 हजार 588 रुपये का ऐतिहासिक आम बजट सोमवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बजट पेश करते हुए मुख्य पार्षद जयलक्ष्मी ने कहा कि बजट का मुख्य उद्देश्य शहर के हर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास होंगे। हमारा लक्ष्य सिलाव को एक मॉडल नगर पंचायत बनाना है। शहर की सुरक्षा को लेकर बजट में बड़ा प्रावधान किया गया है। अपराधियों पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर के 80 संवेदनशील स्थानों पर 200 हाई– डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पीसीसी सड़कों का जाल, नालियों का निर्माण और जल निकासी के लिए आधुनिक सीवरेज सिस्टम का निर्माण होगा। इसके साथ जरूरतमंदों के लिए आवास योजना, भव्य सामुदायिक भवन और शादी–ब्याह के लिए विवाह भवन का निर्माण कराया जायेगा। युवाओं के लिए आधुनिक पुस्तकालय, मनोरंजन के लिए पार्क और स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम बनाया जायेगा। भीड़भाड़ कम करने के लिए नए बाजार और व्यवस्थित पार्किंग स्थल का निर्माण करने का भी निर्णय लिया गया है। मोहल्लों में स्ट्रीट लाइट और चौक–चौराहों पर हाई मास्ट लाइट लगने से शहर जगमग होगा। कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष जनसमूह से जुड़ी योजनाओं को प्रा. थमिकता दी गई है। सभी योजनाओं के लिए अलग–अलग मदों में राशि का आवंटन कर दिया गया है।

# रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव ने बिहार की चेस प्रतिभाओं को किया प्रोत्साहित

## पटना में शतरंज का रोमांच: 36 खिलाड़ियों से भिड़े ग्रैंडमास्टर, तीन ने रोका कदम


### रूस के ग्रैंडमास्टर को बिहार के बच्चों ने दी कड़ी टक्कर, ३ मुकाबले रहे ड्र


**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना।** पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग स्थित इंडोर स्टेडियम में सोमवार को एक विशेष शतरंज मुकाबले का आयोजन किया गया, जिसमें रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव ने बिहार के 36 युवा खिलाड़ियों के साथ एक साथ मुकाबला खेलकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस रोमांचक मुकाबले में राज्य के प्रतिभाशाली नौनिहाल खिलाड़ियों ने ग्रैंडमास्टर को कड़ी चुनौती दी। करीब तीन घंटे तक चले इस मुकाबले में तीन खिलाड़ी अपने–अपने खेल को ड्रॉ कराने में सफल रहे, जो उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से राज्य के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से सीखने का अवसर मिलता है, जो उनके खेल कौशल को निखारने में सहायक है। मुकाबले की समाप्ति के बाद सभी प्रतिभागियों को ग्रैंडमास्टर द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं, ड्रॉ करने वाले तीन खिलाड़ियों. कुमार सृजन (पटना), अभिजीत कुमार (भागलपुर) एवं अभिमन्यु कुमार (पटना) को ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के सचिव धर्मेंद्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।यह आयोजन बिहार के शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ, जिसने उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।




# राष्ट्रपति के दौरे को लेकर राजगीर में ट्रैफिक प्लान लागू, कई मार्गों पर नो–एंट्री

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारत की महामहिम राष्ट्रपति के 31 मार्च 2026 को राजगीर अनुमंडल क्षेत्र में प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक ट्रैफिक नियंत्रण योजना लागू कर दी है। इस दौरान राजगीर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों–सिलाव एवं नालंदा खंडहर–में सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई मार्गों पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, राजगीर, नालंदा और सिलाव की ओर सभी प्रकार के व्यावसायिक एवं सवारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बिहारशरीफ के कारगिल चौक (चौराबगीचा) से राजगीर जाने वाले मार्ग, खुदागंज, वनगंगा एवं गिरियक से राजगीर की ओर जाने वाले रास्तों पर भी वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। साथ ही इन मार्गों से जुड़े सभी लिंक रोड भी प्रतिबंधित रहेंगे। वहीं, यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कई वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं। बिहारशरीफ से राजगीर होते हुए नवादा एवं गया जाने वाले वाहनों को बख्तियारपुर–रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजरने की सलाह दी गई है। गया, नवादा एवं हिसुआ से आने–जाने वाले वाहनों के लिए भी अलग–अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने शहर के विभिन्न स्थानों पर ड्रॉप गेट भी बनाए हैं, जिनमें पिल्खी बायपास, नाहुब मोड़, पंडितपुर मोड़, भुई मोड़ (सिलाव), छबिलापुर बस स्टैंड, विरायतन मोड़, गिरियक मोड़, कारगिल चौक और वनगंगा प्रमुख हैं। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग के लिए रास बिहारी प्लस–2 विद्यालय परिसर, नालंदा खंडहर बस स्टैंड, ह्वेनसांग स्मृति मार्ग, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स राजगीर, नालंदा विश्वविद्यालय परिसर, आरडीएच स्कूल राजगीर और स्टेट गेस्ट हाउस हॉकी मैदान सहित कई स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी ड्रॉप गेट और पार्किंग स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम लोगों को न्यूनतम असुविधा हो।



# बिहारशरीफ में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी स्टेट लीग का भव्य आगाज, खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा) ।** दीप नगर स्टेडियम, बिहारशरीफ में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी फुटबॉल स्टेट लीग (अंडर–15 एवं अंडर–18) का भव्य शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 30 से 31 मार्च तक आयोजित की जा रही है, जिसमें बिहार के 10 जिलों के खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल प्राधिकरण भारत सरकार, खेल मंत्रालय, रग्बी इंडिया, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार एवं रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जोश और खेल भावना देखते ही बन रही है। मैदान पर रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को भी उत्साहित कर दिया है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव पंकज कुमार ज्योति ने कहा कि बिहार में रग्बी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और खिलाड़ियों का प्रदर्शन भविष्य में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान दिलाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। इस मौके पर जेल अधीक्षक आलोक कुमार पांडेय, जिला खेल पदाधिकारी आलोक चंद चौधरी, जदयू प्रवक्ता धनंजय देव, पेंचक सिलाट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय कुशवाहा, रग्बी इंडिया के डेवलपमेंट मैनेजर शत्रुजीत दलई, शेखपुरा रग्बी सचिव विशाल सिंह, डॉ. रवि चंद्र कुमार, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वहीं, शारीरिक शिक्षकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंसी राकेश राज ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच है, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखारकर भविष्य की संभावनाओं को मजबूत कर सकते हैं। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों, कोच, रेफरी, खिलाड़ियों एवं वॉलिंटियर्स का आभार व्यक्त किया गया। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।





# महामहिम राष्ट्रपति के आने के 24 घंटे पहले अपराधीयों ने सिलाव में फैलाया दहशत, कई राउंड फायरिंग




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने महामहिम राष्ट्रपति नालंदा आ रहे हैं। इस दौरान वे प्राचीन नालंदा महाविहार के भग्नावशेषों का अवलोकन भी करेंगी। इसके लिए प्रशासन मुस्तैद है। चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात है। इसके बाद भी अपराधियों के हौसले बुलंद है। रविवार को सिलाव के मस्जिद रोड में तीन अपराधी अचानक फायरिंग करने लगे। हालांकि कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। गोलियों के आवाज से लोगों में दहशत फैल गई। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस के पहुंचने के पहले ही अपराधी फरार हो गया। सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। उससे अपराधियों की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# गोल्ड मेडल जीतकर गांव लौटी नेहा कुमारी का भव्य स्वागत, ढोल–नगाड़ों के साथ ग्रामीणों नें किया सम्मान



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहुइ(नालंदा)।** असम के गुवाहाटी स्थित अर्जुन भोगेश्वर बरुआ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 25 से 28 मार्च तक आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बाउल्स नेशनल चौंपियनशिप 2025–26 में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी नालंदा जिले के रहुई प्रखंड के इमामगंज गांव की बेटी नेहा कुमारी का सोमवार को गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। नेहा के स्वागत को लेकर गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नेहा के आगमन की सूचना मिलते ही दर्जनों ग्रामीण ढोल–नगाड़ों और फूल–मालाओं के साथ गांव के बजरंग बली मंदिर के पास पहुंचकर उनका इंतजार करने लगे। जैसे ही नेहा कुमारी मंदिर के पास पहुंचीं, वहां मौजूद उप प्रमुख राकेश रंजन, उप मुख्य पार्षद अनिल पांडेय, प्रमोद कुमार समेत कई लोगों ने उन्हें फूल–मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद नेहा ने सबसे पहले बजरंग बली मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। मंदिर से अपने घर तक नेहा का गाजे–बाजे के साथ जुलूस की तरह स्वागत किया गया। घर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें फूल–मालाओं से लाद दिया और उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। इस दौरान हर कोई नेहा की सफलता की सराहना करता नजर आया।

नेहा कुमारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गोल्ड मेडल जीतकर गांव लौटना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे उनकी माता रुक्मणी देवी, पिता रंजीत यादव, भाई विनय कुमार, रुपेश कुमार, बहन प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी और कोच का अहम योगदान रहा है। उन्होंने अभिभ. ावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करें और उनका सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आगे इंटरनेशनल स्तर पर खेलने के लिए उनका क्लासिफिकेशन होना है, जिसके लिए आर्थिक सहयोग की जरूरत होगी। अगर सहयोग मिला तो वे ऑस्ट्रेलिया में आयोजित प्रतियोगिता में खेलने की इच्छुक हैं। उप प्रमुख राकेश रंजन ने कहा कि नेहा ने कम उम्र में गोल्ड मेडल जीतकर पूरे क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि नेहा एक साधारण परिवार से आती हैं और उनके पिता रंजीत यादव ड्राइवर हैं। उनकी यह उप. लब्धि पूरे इलाके के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर नालंदा जोश खेल क्लब के सचिव प्रमोद कुमार, पंचायत के उप मुखिया गणेश, अजय प्रसाद, कपिल प्रसाद, निखिल कुमार, रंजन यादव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# हरनौत नगर पंचायत के विकास का खुला खजाना 71 करोड़ 72 लाख रुपए का बजट हुआ पारित



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट प्राक्कलन को लेकर सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद बबीता देवी के द्वारा किया गया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सौरव सुमन ने 71 करोड़ 72 लाख बजट का प्राक्कलन प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। कार्यपालक पदा. धिकारी ने बताया कि नगर पंचायत में वित्तीय वर्ष 202627 के लिए बजट पारित कर दिया गया है। इन बजट का उद्देश्य नगर पंचायत का समग्र विकास और नागरिक सुविधा बढ़ाना है।जिसमें बुनियादी ढांचा, सड़क, नाली, और स्वच्छता को प्राथमिक दी गई है।उन्होंने बताया कि सड़क और कचरा डंपिंग याड के लिए 7 करोड़,पार्क के लिए 5 करोड़,लाइवेरी और सम्राट भवन के लिए 1.5 करोड़,समुदाय भवन और सार्वजनिक शौचालय और वेंडिंग जोन एवं स्ट्रीट लाइट के लिए 1 करोड़, रैन बसेरा के लिए 50 लाख, बहुमंजिला इमारत के लिए 3 करोड़,नाला और गली के लिए 5 करोड़ा, वाटर एटीएम मशीन के लिए 50 करोड़,फागिंग के लिए 30 लाख, और प्रत्येक वार्ड में वार्ड कक्ष के लिए 70 लख रुपए एवं अन्य योजनाओं के लिए कुल मिलाकर 71 करोड़ 72 लाख की बजट पारित की गई है। हालांकि पिछले पिछले साल की अपेक्षा में इस बार लगभग 7 करोड़ रुपए बजट कम पारित हुई है।वही बजट पारित होने के बाद मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने कहा कि यह राशि हरनौत नगर पंचायत को बेहतर और अधिक आधु. निक बनाने के लिए विकास योजनाओं को गति देगी जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके।




अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# यूजीसी रेगुलेशन एक्ट बहाल करो संघर्ष समिति नालंदा बिहार भारत ने श्रम कल्याण केंद्र मैदान में बैठक किया गया ब आगे की रणनीति बनाया गया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहार शरीफ(नालंदा)।** बिहार शरीफ श्रम कल्याण केंद्र मैदान हॉस्पिटल मोड पर एक बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता चंद्रशेखर प्रसाद ने किया ब समर्थन दिया आम जनता पार्टी इंडिया राष्ट्रीय सचिव सम्राट रंजीत चौधरी संविधान रक्षक ने कहा यूजीसी एक्ट लागू जब तक नहीं होगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा क्योंकि परम पूजनीय बोधिसत्व डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान में समानता का अधिकार दिए है लेकिन देश में ओबीसी एससी एसटी माइनॉरिटी अल्पसंख्यक के साथ आज भी मन. ुवादी ब्राह्मणवादी मानसिकता के लोगों द्वारा शोषण दोहन अपमानित प्रताड़ीत किया जाता है जिला में शोषित वर्ग शोषण से छुटकारा पाने के लिए जब भी अपनी आवाज बुलंद करता है तो शोषक वर्ग राह का रोड़ा बनकर खड़ा हो जाता है जिसका ज्वलंत उदाहरण यूजीसी एक्ट 2026 है जब की रोहित बेमुला पायल तडवी का मामला जगजाहिर है 2019 24 के बीच 118 प्रतिशत की उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव के मामलों में वृद्धि हुई है।




आम जनता पार्टी इंडिया राष्ट्रीय सचिव सम्राट रंजीत चौधरी संविधान रक्षक ने कहा यूजीसी एक्ट को बहाल कराने के लिए ओबीसी एससी एसटी अल्पसंख्यक को मंडल कमीशन की तरह एकजूटता दिखाने की जरूरत है जय भीम जय संविधान इस मौके पर महेंद्र प्रसाद शिवकुमार यादव पिंटू पासवान कमलेश कुमार कमल धर्मेंद्र कुमार सुधीर कुमार बृजनंदन प्रसाद कैलाश प्रसाद बरिय अधिवक्ता कल्याण कुमार उपस्थित थे।

# इस्लामपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण, डीएसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर(नालंदा)।** हिलसा–2 के डीएसपी कुमार ऋषि राज ने सोमवार को इस्लामपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था एवं लंबित मामलों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में डीएसपी ने ओडी, थाना हाजत, सिरिस्ता, सीसीटीएनएस कक्ष, सिपाही बैरक, एसएचओ कक्ष तथा गार्ड व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने पर जोर दिया। डीएसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अनुसंधान कार्य में तकनीकी आधुनिकीकरण को अपनाने एवं एडीजी सीआईडी के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने को कहा।उन्होंने विशेष रूप से गंभीर प्रकृति के मामलों में एफएसएल जांच कराने, घटनास्थल को सुरक्षित रखने एवं वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करने के निर्देश दिए।



इसके अलावा गश्ती के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार, थानाध्यक्ष अनील कुमार पांडेय, अपर थानाध्यक्ष रामपाल सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# मैट्रिक परीक्षा में 481 अंक लाने वाले दिव्या कुमारी को प्रोजेक्ट प्लस टु गर्ल्स हाई स्कूल हरनौत में किया गया सम्मानित

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत बाजार स्थित प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम में समारोह आयोजित कर हरनौत के दिव्या कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यकम का शुभारंभ गणमान्य लोगों के अभिवादन से हुआ। जिसमें लोगों ने स्कुल कि छात्रा दिव्या कुमारी के प्रति आभार प्रकट किया ।साथ ही उनके मेघा की तारिफ करते हुए उज्जवल भविष्य कि कामना की। वहीं मुख्य अतिथि समाजसेवी सह नपं के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने कहा कि गर्व कि बात है कि नगर पंचायत में स्थित इसी स्कूल की छात्रा ने स्टेट स्तर पर दशवां जबकि जिले में बालिका वर्ग में पहला स्थान एवं सामान्य वर्ग में दुसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व वर्ष 2006 में भी स्टेट टॉपर इस स्कूल के छात्रा रह चुकी है। उन्होंने कहा इस स्कूल का अपना इतिहास रहा है। वहीं संकुल सम्वयनक रा. जाराम पासवान ने कहा कि कम संसाधन में स्कूल के शिक्षकों ने बेहतर शिक्षा दी। जिसके बदौलत आज दिव्या कुमारी ने 500 में 481 अंक प्राप्त कर यूआरसी ( शहरी संसाधन केंद्र) समेत जिले और राज्य का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि उपस्थित छात्राओं को कहा दिव्या जैसी होनहार छात्राएं से सिख लेनी चाहिए।इस दौरान अतिथियों ने छात्रा दिव्या को अंगवस्त्र, कॉफी कलम के साथ–साथ नगद व फुल के माला पहनाकर सम्मानित किया।साथ ही शिक्षिकाओं ने मिठाई खिलाकर हौंसला बढ़ाया।इस दौरान दिव्या की पिता राजेश कुमार भी मौजूद थे। उन्हें भी फुल के माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस होनहार छात्रा दिव्या के क्लाश टीचर खुशबू कुमारी ने कहा दिव्या सेक्शन सी की छात्रा थी। इनका रोल नंबर नौ था। वह शुरू से ही मेघावी थी। उन्होंने ने कहा बेटियों को कम नहीं समझना चाहिए। हर क्षेत्र में इसे आगे बढ़ना चाहिए।मौके पर शैलेश सिंह, सुनिल कुमार ग्वास्कर, प्रणीत कुमार विद्यार्थी, खुशबू कुमारी,रीना,मो. फैजल, विश्वनाथ, विरेंद्र, निकेश,शोभा,अंकिता,नंदनी समेत दर्जनों छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

# बिजली दरो में बढ़ोतरी जनता के साथ धोखा 125 यूनिट बिजली का वादा पुरा करें सरकर –माले

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट मसौढी।** भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सह जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार ने बिहार में नीतिश भाजपा सरकर द्वारा बिजली दरों में की गई नई बढ़ोतरी को जनता के साथ खुला धोखा करार दिया है पार्टी ने कहा की चुनाव के समय 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा कर जनता को गुमराह किया गया लेकिन महज चार महीनों में ही सरकर अपने बादो से मुकर गई है नई दरों के अनुसार अलग–अलग समय पर महंगी बिजली दर लागु कर आम उपभ. ोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है यह स्पष्ट करता है की सरकर राहत देने के बजाय वसूली की नीति पर चल रही है भाकपा माले ने आरोप लगाया है की चुनाव में किए गए लोक लुभावन बादो और सरकारी सन्साधनों के दुरउपयोग की कीमत अभी आम जनता से वसूली जा रही है पहले से ही महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की मार से जूझ रही जनता पर यह अतिरिक्त बोझ असाहनीय है पार्टी ने मांग की है की बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लिया जाए और 125 यूनिट मुक्त बिजली देने का वादा को लागु किया जाए साथ ही बिजली के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सूनिश्चित की जाए भाकपा माले ने चेतावनी दी है की यदि सरकर ने जनता पर अतिरिक्त बोझ डालना बंद नहीं किया तो पार्टी व्यापक जन आंदोलन खड़ा करेगी







